हाथो में ले मोरछड़ी साँवरिया लहरायेगा

हाथो में ले मोरछड़ी बाबा लहरायेगा,
बाध के पगड़ी नीले चढ़ साँवरिया आयेगा ,
बाबा आयेगा साँवरा आयेगा ......

आँख में आँसू क्यो है तेरे क्यो रोता है प्यारे
श्याम के आगे कहदे अब तो अपने दुखड़े सारे
हँसते सब हरलेगा गले लगायेगा
हाथो में ले मोरछड़ी बाबा लहरायेगा ,
बाबा आयेगा साँवरा आयेगा ,

मोरछड़ी का वो है जादू तू क्या जाने पगले,
जिसके सिर पे श्याम फिरादे उसकी किस्मत बदले ,
बन्द किस्मत का ताला तेरा श्याम ही खोलेगा
हाथो मे ले मोरछड़ी बाबा लहरायेगा
बाबा आयेगा साँवरा आयेगा......

भाव का भूखा है साँवरिया भाव को ही पहचाने
इसके आगे घमण्ड चलेना सुनले ओ दीवाने
राही के जीवन मे बाबा खुशियाँ लायेगा
हाथो में ले मोरछड़ी बाबा लहरायेगा
बाबा आयेगा साँवरा आयेगा

ARUN CHAUHAN RAHI

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17011/title/haatho-me-le-morchadi-sanwariyan-lehrayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |